# ANNUAL REPORT

# GOVERNMENT POLYTECHNIC MANDI ADAMPUR

Principal
Dr. KULVEER SINGH AHLAWAT


# ABOUT GOVERNMENT POLYTECHNIC MANDI ADAMPUR



GOVERNMENT POLYTECHNIC, MANDI ADAMPUR (HISAR) WAS ESTABLISHED UNDER THE NAME OF GOVERNMENT INSTITUTE OF MANAGEMENT & PHARMACY IN THE YEAR 1985 (20/09/1985)AT PRESENT THE INSTITUTE IS RUNNING 7 DIPLOMA COURSES WITH APPROXIMATELY 600 STUDENTS ON ROLL UNDER THE GUIDANCE OF WELL QUALIFIED, EXPERIENCED AND DEDICATED FACULTY



# WAY TO EXPLORE GPMA



# FACILITIES

- DIGITAL LIBRARY
- MODERN CLASSROOMS
- SMART CLASSROOMS & FULLY AC COMPUTER LABS
- MULTI PURPOSE HALL
- AIR CONDITIONED RESIDENCE HALLS
- STUDENT CENTERS
- HEALTH AND WELLNESS CENTERS
- SPORTS FACILITIES
- GREEN SPACES
- SUPPORT CENTERS
- BOOKSTORE
- COUNSELING SERVICES
- SECURITY
- TRANSPORTATION
- RO WATER FACILITIES

# INDUSTRY / ORGANIZATION

- APOLLO PHARMACY
- MANKIND PHARMACY
- HPL ELECTRIC & POWER LTD, GURUGRAM
- ELECTRIC & POWER LTD
- PARLE AGRO TECH LTD
- VITA MILK PLANT, JIND
- DANA ANAND INDIA PRIVATE LTD, DHARUHERA (REWARI)
- J INFRATECH LTD
- SOLITARIE LOGISTIC PRIVATE LTD, NEW DELHI
- NOVAM LTD
- JHANDU CONSTRUCTION LTD
- JUBILANT FOOD WORK COMPANY
- TATA CONSULTANCY SERVICES (TCS)
- INFOSYS, WIPRO, COGNIZANT
- CAPGEMINI, MICROSOFT, AMAZON
- DELOITTE, ACCENTURE, HP

# AN INITIATIVE BY THE T.P.O. CELL:

- SEMINARS & EXPERT LECTURES ON LATEST TECHNIQUES & TREND
- INDUSTRIAL TRAINING OF STUDENTS
- INDUSTRIAL TOUR TO VARIOUS INDUSTRIES
- PLACEMENT OF OUTSIDE IN REPUTED INDUSTRIES

# INDUSTRIAL VISIT





# INDUSTRIAL VISIT

## आदमपुर पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने किया वीटा प्लांट का भ्रमण



पल पल न्यूज: आदमपुर, 11 मार्च (ऐलावादी)। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक मंडी आदमपुर के 4थी सेमेस्टर के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों ने आज वीटा मिल्क प्लांट, जींद का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विभाग की शिक्षिका नीरो रानी और बंसी लाल भी विद्यार्थियों के साथ थे। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को मिल्क प्रोसेसिंग उद्योग के संचालन और प्रौद्योगिकियों के बारे में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। वीटा मिल्क प्लांट में छात्रों को दुध प्रसंस्करण, पैकिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं को देखने का अवसर मिला। प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने इस भ्रमण के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को अपने विषय के प्रति गहरी समझ और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है, जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संस्थान हमेशा छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उद्योग आधारित अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भ्रमण छात्रों के लिए एक मूल्यवान अनुभव साबित हुआ और उन्होंने उद्योग में कार्यप्रणालियों को समझने में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर के छात्रों ने एच.पी.एल. इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड का किया औद्योगिक भ्रमण



*राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर के छात्र एच.पी.एल. इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड में जानकारी लेते हुए।* (भारद्वाज)

मंडी आदमपुर, 23 मार्च (भारद्वाज): राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर के मैनेजमेंट विभाग के छात्रों ने प्राध्यापक डॉ. विष्णु कुमार और अम्बिका गोदारा के दिशा निर्देशन में एच.पी.एल. इलेक्ट्रिक एंड पावर लिमिटेड गुरुग्राम का औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक ज्ञान और अनुभव प्रदान करना था।

छात्रों ने कंपनी के एचआर प्रमुख चंद्रप्रकाश और असिस्टेंट मैनेजर मनोज कुमार से मैनेजमेंट और एचआर मैनेजमेंट की बारीकियों को समझा। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ कुलबीर सिंह अहलावत मैनेजमेंट विभाग के एच.ओ.डी. डॉ. बिजेंद्र सिंह और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर नरेश घनघस ने इस दौरे की सराहना की और कहा कि यह छात्रों के लिए क्लासरूम से बाहर व्यवहारिक ज्ञान को प्राप्त करने व अनुभव करने एक शानदार अवसर बताया।

# INDUSTRIAL VISIT

## मैनेजमेंट विभाग के छात्रों ने किया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का भ्रमण



**मंडी आदमपुर** | राजकीय बहुतकनीकी संस्थान आदमपुर के मैनेजमेंट विभाग के छात्रों ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का भ्रमण किया। मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि छात्रों के लिए इस तरह के भ्रमण से भविष्य में एंटरप्रेन्योरशिप के नए अवसर पैदा होते हैं। प्राचार्य डॉ. कुलबीर अहलावत ने बताया कि हमारे संस्थान में छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान व स्किल देते हुए एंटरप्रेन्योरशिप पर विशेष बल दिया जाता है। विद्यार्थियों के साथ स्थान के ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर नरेश घनघस, मैनेजमेंट विभाग से प्राध्यापक हरपाल सिंह व अंबिका ने भी छात्रों के साथ ट्रेड फेयर का दौरा किया।

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के विद्यार्थियों ने आहार मेले का भ्रमण कर जुटाई जानकारी




*आहार मेले का भ्रमण करने पहुंचे राजकीय बहुतनीकी संस्थान आदमपुर के विद्यार्थी।* (भारद्वाज)

मंडी आदमपुर, 10 मार्च (भारद्वाज): राजकीय बहुतनीकी संस्थान आदमपुर के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित आहार मेले में दौरा किया। इस अवसर पर सुनील धीमान, नीरु रानी सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ मेले का दौरा किया। इस भ्रमण का उद्देश्य खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों को नवीनतम खाद्य उत्पादों, उन्नत तकनीकों और उद्योग के विकास से अवगत कराना था।

आहार मेला खाद्य और पेय उद्योग से संबंधित सबसे बड़े मंचों में से एक है। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों, उनके उत्पादों और नवाचारों से परिचित करवाया गया। संस्थान प्रधानाचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने विद्यार्थियों को इस अनुभव का महत्व बताया और कहा कि यह प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़े नवाचारों को समझने का अवसर मिलता है जिससे उनके ज्ञान में वृद्धि होती है और वे अपने भविष्य में बेहतर निर्णय ले पाते हैं।

# INDUSTRIAL VISIT



# PLACEMENTS

# बीस विद्यार्थियों को मिली नौकरी, खिले चेहरे

- राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर में करियर उड़ान का हुआ आयोजन

हरिभूमि ▶▶ मंडी आदमपुर

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर में प्रतिष्ठित कंपनी दाना आनंद इंडिया प्राइवेट लि. धारूहेड़ा (रेवाड़ी) की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर और सीडीएल राजकीय बहुतकनीकी चोपटा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें योग्य छात्रों को बेहतरीन करियर अवसर प्रदान किए गए।यह प्लेसमेंट ड्राइव मुख्य रूप से मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। कंपनी ने कुल 70 छात्रों का साक्षात्कार लिया और उनके कौशल और योग्यताओं के आधार पर 20 छात्रों का चयन किया। इनमें से 10 छात्र मैकेनिकल इंजीनियरिंग (राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर) से दो छात्र इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर) से व आठ छात्र इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (सीडीएल राजकीय बहुतकनीकी चोपटा) से चयनित हुए।



मंडी आदमपुर। एचआर मैनेजर अंकित को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए





# PLACEMENTS




GOVT. POLYTECHNIC
MANDI ADAMPUR
GOVT. POLYTECHNIC
Mandi Adampur (Hisar)
Welcomes You
to the
Campus placement Drive
by
APOLLO PHARMACY
NEW DELHI

# TRAINING & SEMINAR


## गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक, आदमपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पल पल न्यूज: आदमपुर, 10 मार्च।** गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक, मंडी आदमपुर के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा छठी सेमेस्टर के छात्रों के लिए विभिन्न विषयों पर ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में खाद्य सुरक्षा, विनियामक मामलों और खाद्य उत्पादन से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं, जो छात्रों के शैक्षिक और पेशेवर विकास में सहायक सिद्ध हुईं। कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित विशेषज्ञों द्वारा सत्र आयोजित किए गए। मोहमद सलमान (तकनीकी अधिकारी, एफएसएसएआई मुंबई) ने एफएसएस एक्ट 2006 पर परिचय दिया और खाद्य सुरक्षा कानूनों के महत्त्व के बारे में बताया। अमोल शेंदे ने विनियामक मामलों और करियर यात्रा पर व्याख्यान दिया, जिसमें छात्रों को विनियामक मामलों की भूमिका और इस क्षेत्र में करियर बनाने के अवसरों पर जानकारी दी। दुर्गाप्रसाद पांडा ने बेसिक मैन्युफैक्चरिंग पर फॉसटेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें खाद्य उत्पादन की मूल बातें सिखाई गईं। लोकेश गौतम (फील्ड अधिकारी, एपीईडीए) ने एपीईडीए पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया, जिसमें खाद्य निर्यात और एपीईडीए के कार्यों पर चर्चा की गई। रुबी मिश्रा (फूड एनालिस्ट, एनएफएल गाजियाबाद) ने एफएसएसएआई पर एक व्याख्यान दिया, जिसमें खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण के विषय पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष वेदपाल यादव ने कहा, यह कार्यक्रम छात्रों को खाद्य प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं को समझने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। विद्यार्थियों को ऐसे विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है, जो उनके पेशेवर जीवन को एक नई दिशा दे सकते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. कुलवीर सिंह ने कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के ज्ञान को पाठ्यक्रम के बाहर विस्तारित करते हैं और उन्हें भविष्य में बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा और विनियामक मामलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर बंसीलाल, सुनील धीमान, नीरु रानी, और मोहित जिंदल भी उपस्थित थे।



# SHORT TERM COURSE BY: HP CLAP MINDA



# ACTIVITIES

- NSS
- ROAD SAFETY
- INTER POLYTECHNIC GAMES
- MEDICAL CHECKUP
- SWACHH ABHIYAN
- CULTURAL EVENTS
- PARENTS TEACHER MEETING
- RED CROSS SOCIETY
- BLOOD CAMP
- YOGA DAY
- PLEDGE
- LOHRI CELEBRATION
- FIRE SAFETY PROGRAMME

# NSS






# OUR NSS TEAM ON REPUBLIC DAY



# NSS CAMP



*समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।* *(भारद्वाज)*



मंडी आदमपुर, 9 अप्रैल (भारद्वाज): राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव सीसवाल ढाणी में एन.एस.एस. अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।

समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों सहित संस्थान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन करके और पद्मिनी ताल के लोकार्पण से हुआ।शिविर के अंतिम दिन संस्थान परिसर की बालिका वाटिका में राष्ट्रीय पुष्प कमल को 'पद्मिनी ताल' में समर्पित किया।

शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव सीसवाल ढाणी में नशामुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या,

एन.एस.एस. अधिकारी राकेश शर्मा ने शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। एन.एस.एस. सह संयोजक मनोज गोस्वामी ने बताया कि समापन अवसर पर कार्यक्रम में धूम मची हरियाणा की गाने धमाकेदार प्रस्तुति ने सब में जोश का संचार किया। इसके अलावा हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी गीतों एवं नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविका स्वाति ने शानदार मंच संचालन

# NSS ACHIEVEMENT



# NSS GPMA AWARDED BY DEPUTY CM



# REPUBLIC DAY CELEBRATION






# STATE LEVEL COMPETITION

## बहुतकनीकी आदमपुर की टीम ने राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर रचा इतिहास




**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की एनएसएस टीम ने पंचकूला में ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय रोड सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता में कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। टीम ने हिसार मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए यह खिताब अपने नाम किया, जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाला राज्य का पहला पॉलीटेक्निक बन गया। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशन में टीम के छात्र कृष्ण कुमार, विवेक सिंह और अंकुश ने पहले ब्लॉक, जिला और रेंज स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और फिर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठता साबित की। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हिसार जिले के रोड सेफ्टी कोऑर्डिनेटर दीदार सिंह और एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा भी उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक जीत से संस्थान में हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने टीम की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, टीम वर्क और मार्गदर्शन का परिणाम है।

# INTER POLYTECHNIC TOURNAMENT

## हरियाणा अन्तर बहुतकनीकी खेल प्रतियोगिता के लिए राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर ने तीसरा सर्वश्रेष्ठ बहुतकनीकी खिताब जीता




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 22 मार्च** : राजकीय बहुतकनीकी झज्जर में आयोजित हरियाणा अन्तर बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता (18-20 मार्च) में राज्य के 32 बहुतकनीकी संस्थानों से 480 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित खेल महोत्सव में राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सत्र 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ बहुतकनीकी में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस सत्र के दौरान संस्थान की टीमों ने निम्नलिखित प्रतियोगिताओं में पदक जीते

1.अन्तर-बहुतकनीकी फुटबॉल टूर्नामेंट (छात्र) : रजत पदक

2. अन्तर-बहुतकनीकी कबड्डी टूर्नामेंट (छात्रा) : कांस्य पदक

3. अन्तर-बहुतकनीकी हैंडबॉल टूर्नामेंट (छात्र) : रजत पदक

इसके अलावा अन्तर बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता में भी व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी

1) नवीन कुमार (कंप्यूटर इंजीनियरिंग) ने ऊँची कूद में स्वर्ण पदक जीता।

2) निधि (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता।

उल्लेखनीय उपलब्धियों के मद्देनज़र, संस्थान को सर्वश्रेष्ठ बहुतकनीकी में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत, एवं खेल प्रभारी श्री रमेश कुमार को को राजकीय बहुतकनीकी,

बहुतकनीकी खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश धनखड़ और निदेशक तकनीकी शिक्षा हरियाणा डॉ. के. के. कटारिया द्वारा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

संस्थान के प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने इस गौरव पूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और सभी विद्यार्थियो को संस्थान का मान बढ़ाने पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य

## विजेता टीम का किया स्वागत



नभ-छोर न्यूज ⏭ 15 फरवरी

**हिसार।** बीपीएस खानपुर कला में आयोजित इंटर -पॉलिटेक्निक कबड्डी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीतने के बाद राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर की छात्राओ की कबड्डी टीम का लौटने पर माला पहना कर स्वागत किया गया। संस्थान की टीम ने वरिष्ठ प्राध्यापक संजीव श्योरान के दिशा निर्देशन में पूरे मैच में उल्लेखनीय ताकत, रणनीति और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। कुमारी पूजा ने भी टीम को प्रोत्साहित किया और अंत में टीम ने टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने कहा कि छात्राओ की कबड्डी टीम की सफलता महत्वाकांक्षी खिलाड़ियो के लिए प्रेरणा का काम करती है और प्रतिस्पर्धी खेलों में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति को पुष्ट करती है। टीम के प्रदर्शन ने भविष्य के टूर्नामिंटों के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक और पाठ्यतर गतिविधियों दोनों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर गुलशन भयाना व पारुल शर्मा ने भी खिलाड़ियो को बधाई दी।

# INTER POLYTECHNIC TOURNAMENT

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में हरियाणा इंटर पॉलीटेक्निक हैंडबॉल टूर्नामेंट संपन्न



*विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक।* (भारद्वाज)

मंडी आदमपुर, 13 मार्च (भारद्वाज): राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडी आदमपुर में आयोजित हरियाणा इंटर पॉलीटेक्निक हैंडबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता संपन्न हुई।

इस टूर्नामेंट में कुल चार टीमें राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर, हिसार, नारनौल और रोहतक ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला हिसार और नारनौल के बीच खेला गया, जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हिसार की टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला आदमपुर और रोहतक के बीच हुआ, जिसमें आदमपुर की टीम ने बाज़ी मारी।

ब्रॉन्ज मेडल के लिए हुए रोमांचक मैच में नारनौल और रोहतक आमने-सामने आए, जिसमें रोहतक की टीम ने जीत दर्ज कर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबला हिसार और आदमपुर के बीच खेला गया जिसमें हिसार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18-8 अंकों से स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया जबकि आदमपुर की टीम ने रजत पदक प्राप्त किया।

इस आयोजन के सफल समापन पर खेल प्रभारी रमेश कुमार ने सभी टीमों को बधाई दी और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत ने विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे टूर्नामेंट छात्रों में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क को प्रोत्साहित करते हैं।

# RED CROSS SOCIETY



# VOTER PLEDGE



# CULTURAL EVENTS

## एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग संपन्न हुआ शिविर

- राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर के एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंडी आदमपुर**





हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम करते स्वयंसेवक। फोटो हरिभूमि

राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव सीसवाल ढाणी में एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों सहित संस्थान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन करके और पद्मिनी ताल के लोकार्पण से हुआ। शिविर के अंतिम दिन संस्थान परिसर की बालिका वाटिका में राष्ट्रीय पुष्प कमल को समर्पित 'पद्मिनी ताल', जिसे स्वयंसेवकों ने कलात्मक आकृतियों से सजाकर पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक सौंदर्य का जीवंत प्रतीक बना दिया। कार्यक्रम के शुरुआत में धूम मची हरियाणा की धमाकेदार प्रस्तुति ने सब में जोश का संचार किया। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि, "ऐसे शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं।" एनएसएस सह संयोजक मनोज गोस्वामी ने बताया कि समापन अवसर पर संस्थान में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी गीतों एवं नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

# CULTURAL EVENTS

# विद्यार्थियों की हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी नृत्यों की प्रस्तुति ने मोहा मन




नभ-छोर न्यूज ⏭ 09 अप्रैल

**हिसार।** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा गांव सीसवाल ढाणी में एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।इसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों सहित संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर के अंतिम दिन संस्थान परिसर की बालिका वाटिका में राष्ट्रीय पुष्प कमल को समर्पित पद्मिनी ताल, जिसे स्वयंसेवकों ने कलात्मक आकृतियों से सजाकर पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक सौंदर्य का जीवंत प्रतीक बना दिया। संस्थान में एनएसएस टीम द्वारा तैयार पद्मिनी ताल में खिले कमल पुष्प आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, समर्पण और अनुशासन की भावना का संचार करता है। इस शिविर ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ समाज को भी जागरूक किया है। कार्यक्रम के शुरूआत में 'धूम मची हरियाणा की' शानदार प्रस्तुति ने सब में जोश का संचार किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव सीसवाल ढाणी में नशामुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या, युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर रैली, नुक्कड़ नाटक एवं संवाद सत्र आयोजित कर सामाजिक जागरूकता फैलाई।एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं। एनएसएस सह संयोजक मनोज गोस्वामी ने बताया कि समापन अवसर पर संस्थान में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी गीतों एवं नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया।स्वयंसेविका स्वाति ने मंच संचालन किया। स्वयंसेविका मनीषा और पवन कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# LOHRI CELEBRATION



# MEDICAL CHECKUP

## शिविर में 260 बच्चों व स्टाफ का जांचा स्वास्थ्य



आदमपुर नागरिक अस्पताल की टीम जांच करते हुए • विज्ञप्ति

**संस, जागरण • मंडी आदमपुर :** आदमपुर राजकीय बहुतकनीकी की एनएसएस इकाई द्वारा एनएसएस अधिकारी डा .राकेश शर्मा व मनोज गोस्वामी के दिशा निर्देशन में सामान्य स्वास्थ्य जांच, दंत चिकित्सा जांच एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों और स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श प्रदान करना था। कुल 260 छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों का निशुल्क परीक्षण किया गया। इसमें 107 छात्रों व स्टाफ की नेत्र जांच, 90 की सामान्य स्वास्थ्य जांच और 63 की दंत जांच की गई।

# PARENTS TEACHER MEETING




# PARENTS TEACHER MEETING






# PARENTS TEACHER MEETING




# SAVE WATER,SAVE LIFE






# HEALTH IS WEALTH



# INTERNATIONAL YOGA DAY





# INTERNATIONAL YOGA DAY



# ATHLETIC MEET

# राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर में 39वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

## आदमपुर बहुतकनीकी में मनीषा और मनीष बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी





-पाठकपक्ष न्यूज-

**आदमपुर, 9 मार्च :** राजकीय बहुतकनीकी आदमपुर में चल रही दो दिवसीय 39वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। खेल मीडिया कोर्डिनेटर विभागाध्यक्ष राकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल प्रभारी रमेश कुमार के नेतृत्व में चली इस प्रतियोगिता में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की मनीषा व मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग का मनीष सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए।

मनीषा 800 मीटर व 400 मीटर दौड़, ऊंची कूद में प्रथम, शॉट पुट में तृतीय स्थान पर रहकर यह खिताब जीता। वहीं मनीष ने 100 मीटर,200 मीटर, लंबी कूद, ट्रिपल जंप 400 मीटर व 800 मीटर दौड़ में प्रथम, डिस्कस थ्रो,शॉट पुट, ऊंची कूद व 1500 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पर रहकर यह खिताब जीता। लड़कियों की कैटेगरी में अंकिता व निधि द्वितीय व दिव्या तृतीय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही। लड़कों की कैटेगरी में नवीन कुमार द्वितीय व विजय सिंह तृतीय सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मनीष व निधि ने संस्थान के सबसे तेज धावक का खिताब जीता।


संस्थान की तरफ से प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत, खेल प्रभारी रमेश कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रथम खिलाड़ी को 5100 रुपए द्वितीय को 3100 रुपए व तृतीय को 2100 रुपए के इनाम, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महिला स्टाफ 200 मीटर दौड़ में कुमारी पूजा प्रथम, बिमला द्वितीय रीतू तृतीय स्थान पर रही वही पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में जयदीप प्रथम, आशीष द्वितीय मनमोहन सिंह तृतीय स्थान पर रहे। महिला स्टाफ की थ्रो बाल प्रतियोगिता में कुमारी पूजा प्रथम, बिमला द्वितीय व अंबिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य डॉ कुलवीर सिंह अहलावत सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को बढ़ चढ़ कर खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। विभागाध्यक्ष वेदपाल यादव, मनोज कुमार, विष्णु कुमार ने सभी प्रतियोगिताओं की शानदार कमेंट्री की।

खेल प्रभारी ने अंत में सभी सहयोगियों व विशेष आमंत्रित रेफरी बुधराम व पवन कुमार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे।

# TOBACCO FREE CAMPUS AWARENESS PROGRAM



# NATIONAL TB ELIMINATION PROGRAM (NTEP)

Ministry of Health and Family Welfare,
Government of India

Acknowledges that Mr. / Ms / Dr / M/s GOVERNMENT POLYTECHNIC MANDI ADAMP with an id 800035681 has registered as a Ni-Kshay Mitra under the 'Pradhan Mantri TB Mukt Bharat Abhiyaan' to provide support to Persons with TB undergoing treatment.

Your valuable support will help the country in eliminating TB from India.

ni-kshay 2.0

TB HAREGA DESH JEETEGA

Deputy Director General-TB

# COVID AWARENESS






# CYCLOTHON 2.0

## "DRUG FREE HARYANA"





# CYCLOTHON 2.0

"DRUG FREE HARYANA"



# BLOOD DONATION CAMP






# BLOOD DONATION CAMP



# DRUG ADDICTION AND ORAL CANCER AWARENESS

## कैंसर एवं ड्रग्स के दुष्प्रभाव सेमिनार का आयोजन



आदमपुर बहुत तकनीकी संस्थान में आयोजित सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी।

**सवेरा न्यूज/विनोद खन्ना आदमपुर, 27 मार्च :** राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर में विभाग अध्यक्ष राकेश शर्मा व धाकड़ स्कीम के नोडल ऑफिसर ओपी शर्मा के द्वारा मुख के कैंसर एवं ड्रग्स के दुष्प्रभाव के ऊपर व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। सिविल हॉस्पिटल आदमपुर से डॉक्टर अनुराधा द्वारा व्याख्यान दिया गया। मुख्य कैंसर के कारण, निदान एवं ड्रग्स के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया। प्राचार्य डॉक्टर कुलबीर सिंह अहलावत ने कहा कि बच्चों के हित में हर माह इस तरह का व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक विजेंद्र चंदेलिया एवं सोमबीर उपस्थित रहे।

# FIRE SAFETY



# FIRE SAFETY


FIRESCAPE
HARYANA FIRE & EMERGENCY SERVICES
ADAMPUR
LOCKER

# TREE PLANTATION



# TREE PLANTATION



# SWACHH BHARAT ABHIYAN



"Swachh Bharat, Swasth Bharat!"



"Clean India, Green India!"

# CELEBRATING SUCCESS WITH STARTUP INDIA

## आदमपुर बहुतकनीकी के एन.एस.एस. स्वयंसेवक मनीष को मिला मुख्यमंत्री से सम्मान




*बहुतकनिकी संस्थान के छात्र मनीष को सम्मानित करते मुख्यमंत्री नायाब सैनी।* (भारद्वाज)

मंडी आदमपुर, 14 जनवरी (भारद्वाज): राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की एन.एस.एस. इकाई के छात्र मनीष ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिला स्तरीय स्टार्टअप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित विशेष राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मनीष को सम्मानित किया। समारोह में मनीष को प्रशस्ति पत्र और 3100 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह उपलब्धि एनएसएस अधिकारी राकेश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन का परिणाम है।

राकेश शर्मा ने बताया कि मनीष ने अपनी रचनात्मकता और नवाचार के माध्यम से स्टार्टअप प्रतियोगिता में एक 'स्मार्ट पेडिस्ट्रियन पाथवे' पर अद्वितीय विचार प्रस्तुत किया, जो निर्णायक मंडल को अत्यंत प्रभावित करने वाला रहा।

# LIVE TELECAST ON PARIKSHA PE CHARCHA 2025 BY HON'BLE PRIME MINISTER






# PRIORITIZE YOU: HEALTH AND HYGIENE FOR EVERY WOMAN!





# STAFF HONORED FOR OUTSTANDING ELECTION WORK

हिसार केसरी 28-01-2025

## मंत्री ने किया सम्मानित

मंत्री गौरव गौतम ने हिसार के प्रमुख हस्तियों को सम्मानित भी किया। ये वो थे, जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया है। सम्मान पाने वालों में बरवाला एस.डी.ई. रण सिंह को पी.डब्ल्यू.डी. विश्राम गृह बरवाला का बेहतर निर्माण करवाने, हांसी स्पेशल स्टाफ के रविकांत को हांसी में ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझाने और फायरिंग करने वाले आरोपितों को पकड़ने के लिए सम्मानित किया गया। इनके अलावा लोकसभा-विधानसभा आम चुनाव में बेहतर काम करने वाले आकाश सैन, जयदीप क्लर्क को सम्मानित भी किया गया।

इनमें पीजीटी हिन्दी के वीरेंद्र कुमार को दोनों चुनाव में मास्टर ट्रेनर रहने के लिए सम्मानित किया गया है। इसके अलावा अकाउंट आफिसर जगबीर सिंह, पटवारी संदीप कुमार, ग्राम सचिव सुधीर सिंह, सी.एच.ओ. रमेश ढाका, बीआरपी अंग्रेजी नीलम, डाटा एंट्री आपरेटर रमनदीप कौर, वेटनरी सर्जन डा. अमित, असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय कालेज मनोज कुमार, अकाउंटेंट राहुल शर्मा और टीचर पूजा को सम्मानित किया गया।

# HAR GHAR TIRANGA



# TOGETHER TOWARDS A BRIGHTER FUTURE

